हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए




dku live

वर्ष : 01 अंक–225 : जौनपुर, गुरुवार 11 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भारत में नकली नोट का जाल बिछा रही डी कंपनी –एनआईए

मुंबई एजेसी : साल 2021 के आखिर में महाराष्ट्र के ठाणे से नकली नोट जब्ती मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में एनआईए ने मुंबई में छह स्थानों पर छापा मारा। इस दौरान आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई है। एनआईए ने गुरुवार को अपनी इस कार्रवाई के संबंध में बयान भी जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जाली नोट जब्ती मामले में 'क–कंपनी' की भूमिका का पता चला है। गौरतलब है कि ठाणे पुलिस क्राइम ब्रांच ने नवंबर 2021 में 2.98 लाख रुपये के नकली नोट जब्त किए थे। नआईए ने बयान में कहा कि मामले की जांच के दौरान भारत में नकली नोटों के चलन में प्रथम दृष्टया 'डी–कंपनी' की भूमिका साबित हुई है। गौरतलब है कि डी–कंपनी को 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले के मुख्य आरोपी भगोड़े डॉन दाऊद इब्राहिम के गैंग के रूप में जाना जाता है। ये सामग्री हुई जब्त एनआईए के बयान के मुताबिक, उसकी मुंबई टीम ने बुधवार को मामले में आरोपी व्यक्तियों और संदिग्धों के घरों और कार्यालयों सहित विभिन्न संपत्तियों पर कई छापे मारे।इस दौरान जब्त की गई आपत्तिजनक सामग्रियों में तेज धार वाले हथियार, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि बरामद सामग्री 'नकली नोट रैकेट' में डी–कंपनी के साथ सीधा संबंध स्थापित करने वाली एनआईए की पहले की जांच रिपोर्ट की पुष्टि करते है। 2000 की नकली नोटों के साथ हुई थी दो लोगों की




गिरफ्तारी जानकारी के मुताबिक, जिस मामले में एनआईए ने यह रेड मारी है, वह 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के नकली भारतीय नोटों की जब्ती से संबंधित है। इस मामले में ठाणे से दो लोगों रियाज और नासिर को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ ठाणे शहर के नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में 18 नवंबर, 2021 को भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित ध ााराओं के तहत दर्ज किया गया था। फिलहाल दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। शुरुआत में ठाणे पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। बाद में एनआईए ने इसे अपने हाथ में ले लिया था और सात फरवरी, 2023 को फिर से पंजीकृत किया था।

## पाक सेना ने देश में भड़की हिंसा को बताया काला अध्याय कहा इमरान की गिरफ्तारी जायज

नई दिल्ली एजेंसी : पाकिस्तान के पूर्व इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने आगबबूला होकर देशभर में विरोध–प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध–प्रदेर्शनों के दौरान जगह–जगह तोड़फोड़, आगजनी की घटनाएं हुई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने नौ मई को हुई हिंसक घटनाओं को देश के इतिहास का एक ''काला अध्याय'' करार दिया है। आईएसपीआर ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों ने विशेष रूप से सेना की संपत्ति और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के बयान और कानून का हवाला देते हुए आईएसपीआर ने पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी को सही ठहराया। आईएसपीआर ने कहा कि इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद सेना विरोधी नारे लगाए जाने के साथ सेना की संपत्तियों और प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए। सेना ने इसकी निंदा की और विरोध करने वाले समूहों के भीतर कुछ तत्वों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के बारे में अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। आईएसपीआर ने बयान में कहा कि रणनीति के अनुसार सेना की प्रतिक्रिया को नापाक राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने की स्थिति बनाई गई थी, जिसे सेना की सतर्क प्रतिक्रिया से विफल कर दिया गया। अल कादिर ट्रस्ट मामला, जिसमें हुई इमरान की गिरफ्तारी ये मामला अल कादिर ट्रस्ट विश्वविद्यालय से जुड़ा है। एनएबी ने पिछले बुधवार को इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा



बीवी और इमरान खान की पार्टी पीटीआई से जुड़े कई नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि इमरान खान ने प्रधानमंत्री रहते हुए अपनी पत्नी बुशरा बीबी और पीटीआई के कुछ अन्य नेताओं के साथ मिलकर अल–कादिर यूनिवर्सिटी प्रोजेक्ट ट्रस्ट का गठन किया था। इसका उद्देश्य पंजाब के सोहावा जिला झेलम में 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' प्रदान करने के लिए 'अल–कादिर विश्वविद्यालय' स्थापित करना था। ट्रस्ट के कार्यालय के पते का उल्लेख ''बनी गाला हाउस, इस्लामाबाद'' के रूप में किया गया है। आरोप है कि इस विश्वविद्यालय के लिए इमरान और उनकी पत्नी ने एक रेशिडेंशियल कॉम्प्लेक्स की जमीन गैर कानूनी तरीके से हड़प ली। इसके लिए दोनों ने पाकिस्तान के सबसे अमीर शख्सियत मलिक रियाज को धमकी भी दी थी। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी की ओर से पांच कैरेट के हीरे की अंगूठी मांगे जाने की बात भी सामने आई थी। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य पीटीआई नेताओं पर राष्ट्रीय खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगा है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट
**www.Desh ki upasana.com**
का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## मतगणना स्थल का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर नगर निकाय चुनाव के उपरांत 13 मई को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन लगातार मतगणना स्थलों का निरीक्षण कर रहा है व्यवस्था शुरू से इसके



लिए पूरी मुकम्मल व्यवस्था जिलाधिकारी द्वारा की जा रही है इससे कहीं किसी प्रकार का कोई व्यवधान ना हो और मतगणना सकुशल संपन्न हो इसी क्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झाँ व पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा नगर निकाय चुनाव 2023 की मतगणना के दृष्टिगत मछलीशहर एवं मड़ियाहूं के मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिया गया।

## घर के भीतर बीए की छात्रा की संदिग्ध दशा में मौत : ऑनर किलिंग का शक : जांच के लिए पहुंची फॉरेंसिक टीम



प्रयागराज ब्यूरो : मेजा थाना क्षेत्र के इसौटा गांव में बीए की छात्रा की घर के भीतर संदिग्ध दशा में मौत हो गई। उसके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान बताया जा रहा है। दबी जुबान लोग ऑनर किलिंग का अंदेशा जाहिर कर रहे हैं, हालांकि डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। घटना की सूचना पुलिस के आला अधिकारियों ने पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है। इसौटा गांव निवासी विजय शंकर मिश्र ट्रक चालक हैं और कई दिन पहले ही आक्सीजन भरा टैंकर लेकर सप्लाई के लिए निकले हैं। उनकी तीन संताने हैं, जिसमें प्रिया मिश्रा (19), विवेक मिश्र (17) और छोटू (14) हैं। प्रिया मिश्रा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेड़ा करछना में पढ़ती थी। रविवार की रात घर में विजय शंकर की पत्नी आशा मिश्रा और उनके तीनों बच्चे थे। सुबह प्रिया मिश्रा की मौत की सूचना पर गांव के लोग भी स्तब्ध रह गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसीपी, एसएचओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। गले पर धारदार हथियार से वार के निशान अधिकारियों ने प्रथम दृष्टया ऑनर किलिंग का शक जाहिर किया है। बताया जा रहा है कि प्रिया मिश्रा के गले पर ध ाारदार हथियार से वार किया गया है। घर की साफ सफाई कर खून को साफ करने का प्रयास किया गया है। लड़की की मां कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। वह बार–बार अपना बयान बदल रही है। परिजनों के चेहरे पर कोई शिकन या दुख भी नहीं दिखा। बताया जा रहा है कि चुपके से शव को ठिकाने लगाने की तैयारी चल रही थी कि ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

## बिजली बिलों में हेराफेरी से निगमों को लगा करोड़ों का चूना : वसूली में दिक्कत से जांच के आदेश

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश के विद्युत निगमों में बिजली बिल में बड़े पैमाने पर खेल चल रहा है। बिलों में हेराफेरी की वजह से हर साल करोड़ों के सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। एक तरफ बकाया बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ उपभोक्ता भी परेशान हैं। एक के बाद एक मामले सामने आने के बाद कारपोरेशन अध्यक्ष ने जांच के आदेश दिए हैं। प्रदेश में विद्युत निगम करीब एक लाख करोड़ के घाटे में चल रहे हैं। विद्युत वितरण निगम का उपभोक्ताओं पर करीब 60452 करोड़ रुपया बकाया है। इसमें सर्वाधिक 16738 करोड़ का बकाया दक्षिणांचल का है। इसी तरह पूर्वांचल का करीब 16512 करोड़, पश्चिमांचल का करीब 11515 करोड़, मध्यांचल का करीब 13607 करोड़ और केस्को का करीब 2080 करोड़ रुपया बकाया है। इसकी वसूली के लिए लगातार अभियान चलाने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद भी वसूली नहीं हो पा रही है। इसकी पड़ताल की गई तो कई चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वसूली में हो रही देरी की एक बड़ी वजह बिजली बिलों में गड़बड़ी है। अभियंता अपने फायदे के लिए निर्धारित टैरिफ के बजाय गलत टैरिफ तय करते हैं। जहां औद्योगिक बिल जारी करना है वहां वाणिज्यिक श्रेणी में बिल जारी कर रहे हैं। इस तरह के मामले हर निगम में सामने आ रहे हैं। अकेले मध्यांचल में एक माह के अंदर 28 मामले सामने आए हैं। ऐसे में कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने सभी निगमों के प्रबंध निदेशकों



को जांच के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद निगमों में हलचल मची हुई है। क्योंकि अभियंताओं की कारगुजारी सामने आ गई है। उपभोक्ता परिषद ने हर सुनवाई में उठाया मामला टैरिफ निर्धारण के लिए वाराणसी, आगरा, लखनऊ, नोएडा आदि स्थानों पर हुई जनसुनवाई में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्म ने लगातार यह मामला उठाया। उन्होंने सुझाव दिया था कि यदि उपभोक्ताओं की बिलिंग में सुधार लाया जाए तो वसूली की दर बढ़ जाएगी। क्योंकि गड़बड़ी की वजह से तमाम उपभोक्ता बिल नहीं जमा करते हैं। कुछ मामलों में अभियंताओं की संलिप्तता भी होती है, जिसकी वजह से बिल वसूली प्रभावित हो रही है। क्या कहते हैं जिम्मेदार जहां भी बिजली बिल में गड़बड़ी है, उसे तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए जिम्मेदारों को चिन्हित किया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। –एम देवराज, अध्यक्ष यूपीपीसीएल

## जहां की थी पहली मुलाकात वहीं किया कत्ल

लखनऊ ब्यूरो : कोमल हत्याकांड में पुलिस की तफ्तीश में बड़ा खुलासा हुआ। कुकरैल जंगल में जिस जगह पर राहुल पहली बार कोमल से मिला था, उसी जगह पर उसको मौत के घाट उतारा। उधर, पुलिस ने बुधवार को डॉक्टरों के पैनल से कोमल के शव का पोस्टमार्टम कराया। डीएनए सैंपल भी सुरक्षित किया गया है। चूंकि पांच दिन तक शव जंगल में पड़ा रहा था लिहाजा पूरी तरह से सड़ चुका था। पुराना महानगर




घोसियाना मोहल्ला निवासी कोमल कश्यप की चार मई को मूलरूप से रायबरेली निवासी राहुल कुमार से शादी थी। उसी दिन सुबह कोमल ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली और लापता हो गई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जब जांच की तो मंगलवार को उसके मंगेतर राहुल को पकड़ा। राहुल की निशानदेही पर कुकरैल के जंगल से शव बरामद किया था। बुधवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने राहुल को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पूछताछ में राहुल ने बताया कि तीन साल पहले फेसबुक के जरिये कोमल से दोस्ती हुई थी। कुछ महीने बाद दोस्ती प्यार में बदल गई थी। पहली बार वह कोमल से कुकरैल के जंगल में ही मिला था। लगभग उसी जगह पर, जहां पर उसको मौत के घाट उतारा। मुझे अफसोस नहीं, जो होना था हो गया राहुल ने बताया कि वह कोमल के साथ रिलेशनशिप में था, लेकिन शादी नहीं करना चाहता था। जब उसने रिलेशनशिप के बारे में घरवालों को बताया था तो वह भी शादी के लिए राजी नहीं हुए थे। इसलिए उसी दिन ठान लिया था कि उससे शादी नहीं करेंगे। पर, कोमल व उसके परिवार वाले दबाव बनाते रहे। इस कारण वह तैयार हो गया। हालांकि इस बारे में उसने अपने घरवालों को नहीं बताया था। वारदात के बाद भी परिजन राहुल से मिलने नहीं पहुंचे। राहुल ने पुलिस से कहा कि उसको कोई अफसोस नहीं, जो होना था वह हो गया। एक बार पहले भी मारने की रची थी साजिश पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि राहुल कुछ दिन पहले भी कोमल को लेकर कुकरैल गया था। तब भी वह उसको मारने के इरादे से ले गया था। जब वह वहां पहुंचा था तब कुछ लोग वहां से गुजरे थे। उनकी नजर दोनों पर पड़ गई थी। इसलिए वह डर गया था। उस दिन वारदात को अंजाम नहीं दिया था। मुझे अनहोनी की आशंका थी कोमल की हत्या से परिजन बेहाल हो गए हैं। उनकी मां ने कहा कि चार तारीख की सुबह जब कोमल घर से जा रही थी तो मैंने उससे कहा था कि कंगन बंध चुका है। इसके बाद शादी तक घर से बाहर नहीं जाया जाता, लेकिन कोमल नहीं मानी थी। तब मुझे अनहोनी की आशंका थी। जब वह नहीं लौटी थी तो गलत होने का अहसास हो गया था। वही हुआ भी।

## इंजीनियर ने लकड़ी काटने वाली मशीन से काटा अपना गला : खुदकुशी से पूरा परिवार सन्न

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के चितईपुर क्षेत्र अंतर्गत पाल बस्ती निवासी इंजीनियर विशाल पाल (28) ने गुरुवार सोफे पर बैठकर ग्लैडर मशीन (लकड़ी काटने वाली मशीन) से गला काट कर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद फील्ड यूनिट और चितईपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल पाल बेंगलोर स्थित एक कंपनी में पत्थर जांचने का काम करता था। दो साल पूर्व नौकरी छोड़कर पीएचडी की तैयारी करने के लिए बनारस आ गया था। तभी से ही वह तनाव में रहता था। गुरुवार सुबह वो बाजार से सब्जी लेकर घर लौटा। निचले तल पर स्थित कमरे में कोई नहीं था। तभी सोफे पर बैठकर गले पर ग्लैडर मशीन चला लिया। घर में प्लाई का काम चल रहा था। इस कारण किसी को भनक नहीं लगी। जब घर के लोगों ने चाय पीने के लिए आवाज लगाई तब विशाल ने कोई जवाब नहीं दिया। ऊपर के तल से नीचे पहुंचे परिवार के लोगों ने नजारा देखा तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। सोफे पर खून ही खून था और विशाल औंधे मुंह गिरा हुआ था। उसका गला



कटा था। पास में ही ग्लैडर मशीन चालू हालत में था। परिजनों की चीखपुकार सुनकर पास–पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेसिंक टीम को भी बुलाया गया। विशाल दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। बड़ा भाई लोको पायलट है। बहन की शादी हो चुकी है। पिता बीएचयू से रिटायर हो चुके हैं। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना से कॉलोनी के लोग भी मर्माहत हैं। पुलिस के अनुसार विशाल अवसाद में चल रहा था। इसी कारण उसने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया होगा।

## भूमि विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के खटोलिया गांव में विवादित जमीन से मिट्टी निकालने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए। इस मारपीट में दो लोग घायल हो गए। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के खटोलिया गांव के इनरू व सुभाष में काफी दिनों से भूमि विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर गुरुवार को सुभाष ट्रैक्टर लगवाकर मिट्टी निकालने लगे। जिसपर इनरू ने मना किया। इसी बात पर दोनों पक्षों में गाली गलौज होते– होते लाठी डंडे चलने लगा। मारपीट की सूचना पर पुलिस भी पहुच गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर किसी तरह शांत कराया। इस मारपीट में दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। पुलिस मौके पर गयी भी थी। लिखित तहरीर मिलती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जिसनें प्रभु को अपना दिल दे दिया वह दुनिया से कोई उम्मीद नहीं करता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मुद्दों और बयानों की सियासत के बीच किसकी होगी जीत?

कांग्रेस की कोशिश इस चुनाव में देवेगौड़ा परिवार की राजनीतिक ताकत कमजोर करने की रही, तो भाजपा इस इलाके में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमितशाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक की सभाओं और 'रोड शो' के जरिए इस इलाके में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए प्रयासरत दिखाई दी।

कर्नाटक विधानसभा चुनावों में महंगाई–बेरोजगारी भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिक धुर्वीकरण की कोशिशें भले चुनाव प्रचार के अंतिम दौर तक चलती रही, पर मोटे तौर पर छः अलग–अलग क्षेत्रों में विभाजित कर्नाटक का चुनावी रुझान और राजनीतिक प्रभाव हर दल के लिए अलग–अलग हैं। मसलन तटीय कर्नाटक, कल्याण कर्नाटक और ग्रेटर बेंगलुरु में भाजपा का प्रभाव दिखाई दिया। वहीं हैदराबाद – कर्नाटक, मध्य कर्नाटक के इलाके ओल्ड मैसूर, ग्रेटर बेंगलुरु और कल्याण–कर्नाटक में भी कांग्रेस के राजनीतिक प्रभाव देखा गया।

विधानसभा चुनाव प्रचार के बहुत पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पदयात्रा से लेकर चुनावी मुद्दे तैयार करने और सोशल मीडिया पर मौजूदगी के लिहाज से भी कम से कम इन चुनावों में कांग्रेस आगे दिख रही है।

तमाम आपसी मतभेदों के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डी के शिवकुमार के बीच कम से कम टिकट बंटवारे के बाद अच्छा तालमेल दिखाई दिया। भाजपा का चुनाव प्रचार राज्य सरकार की उपलब्धियों, मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई की नेतृत्व क्षमता और स्थानीय नेताओं के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों–रोड सो और गृहमंत्री अमितशाह की मेहनत चुनावी रणनीति और तय किए चुनावी मुद्दों के इर्दगिर्द ही घूमता रहा।

भाजपा के कदावर नेता पूर्व मुख्यमंत्री यदुरप्पा चुनावों में सक्रिय भागीदारी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमितशाह का उनके प्रति सार्वजनिक सम्मान से कम से कम लिंगायत समुदाय में भाजपा के प्रति रुझान साफ देखा गया। पर भाजपा के पास वोक्कालिगा समुदाय के जद.एस नेता कुमार स्वामी और कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार के कद के नेता का अभाव ओल्ड मैसूर इलाके में भाजपा की कमजोरी की मुख्य वजह है।

ये दोनों शक्तिशाली जातियां ही किसी दल की सत्ता में वापसी और विदाई का भविष्य तय करती रही हैं। इस इलाके में कुल साठ से ज्यादा सीटें हैं।

त्रिशंकु विधानसभा परिणाम की चर्चा

पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी देवेगौड़ा के प्रभाव वाले इलाके के ज्यादातर वोक्कालिगा, कुमार स्वामी को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं अथवा त्रिशंकु विधानसभा परिणाम आने की बात करते हैं। ओल्ड मैसूर रीजन के हासन, तुमकुर, माड्या, रामनगरा और आसपास के विधानसभा क्षेत्र में देवेगौड़ा परिवार का दबदबा रहा है और यहीं इस परिवार की कुल राजनीतिक पूंजी है जिसके बदौलत यह परिवार हमेशा ''किंगमेकर'' की भूमिका में रहने की चाहत रखता है।

कांग्रेस की कोशिश इस चुनाव में देवेगौड़ा परिवार की राजनीतिक ताकत कमजोर करने की रही, तो भाजपा इस इलाके में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमितशाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक की सभाओं और 'रोड शो' के जरिए इस इलाके में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए प्रयासरत दिखाई दी।

परिणाम के लिहाज से भाजपा और कांग्रेस के बेहतर चुनावी नतीजे ही किसी भी एक दल के पूर्ण बहुमत की सरकार के दावेदारी को मजबूती प्रदान करेगा तो जद एस और देवेगौड़ा परिवार के 'किंगमेकर' बनने की ख्वाहिश भी पूरा करेगा।

कर्नाटक चुनाव के अंतिम दौर में कांग्रेस ने जिन मुद्दों को उछाला, उससे किसी भी तरह चुनावी नतीजे पार्टी के अनुकूल होने की बेचौनी साफ दिखाई दी। शायद इसलिए भी कि कर्नाटक चुनाव के अनुकूल नतीजे हर लिहाज से पार्टी के लिए संजीवनी का काम करेगा। विपक्षी दलों के साथ उसकी मोलभाव करने की संभावना को भी मजबूत करेगा। चुनाव प्रचार में यह बात साफतौर पर दिखाई दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैसे ही इन चुनावी मुद्दों पर वार करना शुरू किया कांग्रेस की घबराहट देखने लायक थी।

कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में उठाए मुद्दों से खुद किनारा करने लगी। कर्नाटक में चुनावी रैली में अथवा रोड शो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हर इलाके में जो स्नेह और प्यार देखने को मिला उससे एक बात साफतौर दिखाई दिया कि जब प्रधानमंत्री अपने लिए वोट मांगने निकलते हैं तो वह बिल्कुल अलग मामला होता और कर्नाटक के लोग भी प्रधानमंत्री का चेहरा देखकर ही वोट करते हैं।

इसी वजह से भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ता है और सीट भी। स्थानीय लोगों से बातचीत और प्रधानमंत्री मोदी की सभाओं में आई भीड़ को देखकर यह सहज ही अनुमान लगया जा सकता है कि– जाति–समुदाय से अलग प्रधानमंत्री ने एक ऐसा लाभार्थी तबका तैयार किया हैं, जिनमें कर्नाटक की दोनों वर्चस्वशाली जातियों–लिंगायत– वोक्कालिगा के अलावा दलित– आदिवासी भी बिना किसी लागलपेट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा देखकर वोट करते हैं।

कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व इस बात को बखूबी समझता है। इस लिए चुनावों के शुरुआती दौर में ही इस मुद्दे को साफ कर दिया कि यह चुनाव मुख्यमंत्री चुनने के लिए है, प्रधानमंत्री चुनने का नहीं। पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से मेहनत कर इस चुनाव में आखिरी दम तक भाजपा के पक्ष करने की कोशिश की, वह किसी भी दल के शीर्ष नेतृत्व के लिए गौरव की बात होनी चाहिए।

कर्नाटक के इस चुनाव में इस बात की भी परीक्षा होनी है कि बजरंगबली का मुद्दा भाजपा के लिए कितना फलदाई रहा? भाजपा ने इस मुद्दे को जिस तरह से उठाया, उसका एक फायदा यह हुआ कि पार्टी के घर बैठे कार्यकर्ता सड़क पर आ गए। पर इसकी उलटी प्रतिक्रिया यह हुई कि 'ओल्ड मैसूर रीजन' में अल्पसंख्यक वोटों की लामबंदी अब ज्यादातर जद.एस के बजाय कांग्रेस के पक्ष होने की संभावना बढ़ गई है।अल्पसंख्यक वोटों का धुर्वीकरण कांग्रेस के पक्ष में कितना कारगर हुआ और इससे ओल्डमैसूर इलाके में जद एस का कितना नुकसान हुआ। यह कर्नाटक में कांग्रेस की सत्ता हासिल करने के दावे को मजबूत करेगा।

सवाल यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिल्कुल फ्रंट पर आकर जिस तरह भाजपा के लिए चुनाव प्रचार किया उससे बासवराज बोम्मई सरकार की सत्ता विरोधी रुझान एकदम धुल गई? अगर ऐसा हुआ तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। यह कर्नाटक के इतिहास में अड़तीस साल बाद सम्भव होगा कि कोई दल दोबारा सत्ता में वापसी करने में कामयाब होगी। पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक जिस तरह से चुनावी मैदान में डटे रहे, वह सचमुच काबिलेतारीफ है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## 300 एमबीबीएस छात्रों का भविष्य दांव पर : पांच साल पढ़ाई के बाद भी डिग्री को नहीं मिल पाई मान्यता

लखनऊ ब्यूरो : 300 एमबीबीएस छात्र पांच साल की पढ़ाई के बाद सड़क पर हैं। उनकी डिग्री को मान्यता नहीं मिल पाई है। ऐसे में वे न तो नीट पीजी दे सकते हैं और न ही किसी मरीज का इलाज कर सकते हैं। उनका भविष्य दांव पर है, लिहाजा कॉलेज से लेकर महानिदेशालय तक चक्कर काट रहे हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज एंड सुपर स्पेशियलिटी आजमगढ़, शेख उलहिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज सहारनपुर व रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज बांदा में 2017 बैच में 100–100 छात्रों ने दाखिला लिया। चार साल पढ़ाई व एक साल इंटर्नशिप की, लेकिन डिग्री की बारी आई तो पता चला कि इन कॉलेजों को 2017 बैच के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने सशर्त मान्यता दी थी। शर्तें पूरी न करने से इन्हें नियमित मान्यता नहीं दी गई है। ऐसे में इनका उप्र. मेडिकल फैकल्टी में पंजीयन नहीं हो सकता है। ये छात्र अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं, क्योंकि दाखिला लेने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि 5 साल कोर्स पूरा करते ही इनका कॅरियर बन जाएगा। कुछ छात्र परास्नातक में दाखिला लेना चाहते थे तो कुछ प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के तहत सरकारी अस्पताल में सेवा का सपना संजोए थे। पर अब ये छात्र निरंतर भागदौड़ कर रहे हैं। यह देख महानिदेशालय में नए सिरे से मान्यता संबंधी पत्रावलियों की पड़ताल शुरू की गई है। 2018 बैच पर भी संकट इन कॉलेजों में 2018 बैच की भी इंटर्नशिप चल रही है। ये छात्र करीब छह माह बाद पास होकर निकलेंगे। इनके भी पंजीयन पर संकट है। यदि समय रहते इन पर फैसला नहीं हुआ तो 300 अन्य छात्रों को पंजीयन के लिए इंतजार करना पड़ेगा। एमबीबीएस छात्रों की मान्यता में चूक की हो रही पड़ताल प्रदेश के 300 एमबीबीएस छात्रों के पंजीयन में आ रही समस्या और मान्यता में कहां चूक हुई, इसकी पड़ताल कराई जा रही है। किसकी गलती से मान्यता फंसी रही, इस पर भी शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक (डीजीएमई), किंजल सिंह ने बताया कि विधिक राय लेते हुए जल्द से जल्द छात्रों की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मालूम हो कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की टीम मेडिकल कॉलेजों का हर साल निरीक्षण करती है। शिक्षकों की संख्या, लैब व अन्य संसाधन के आधार पर संबंधित कॉलेज को मान्यता देती है। संसाधन कम होने पर सीटें कम कर दी जाती हैं। आजमगढ़, सहारनपुर और बांदा के मेडिकल कॉलेजों को 100–100 छात्रों के दाखिले की सशर्त मान्यता दी गई थी। 2019 में कोविड आ गया। ऐसे में इन कॉलेजों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई। स्थलीय परीक्षण नहीं हुआ। महानिदेशालय ने भी इस संबंध में सक्रियता नहीं दिखाई, जिसका नतीजा था कि 2017 व 2018 का मामला लंबित रहा। अब 2017 बैच के छात्र परीक्षा पास कर पंजीयन के लिए निकले तो समस्या पता चली। राजकीय मेडिकल कॉलेज एंड सुपर स्पेशियलिटी, आजमगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ. आरपी शर्मा का कहना है कि कुछ समस्या आई है। मामले में डीजीएमई को पत्र लिखा गया है। शासन से भी बात चल रही है। कोशिश है कि जल्द से जल्द छात्रों को राहत दी जाए। रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज, बांदा की प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार का कहना है कि मैंने अभी कुछ दिन पहले कार्यभार ग्रहण किया है। यह मामला 2017 का है। उस वक्त भौतिक सत्यापन नहीं होने की वजह से मान्यता फंस गई है। समस्या का समाधान कराया जा रहा है। शेख उलहिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर के प्रधानाचार्य डॉ. संगीता अनेजा का कहना है कि यह मामला मेरे कार्यभार ग्रहण करने से पहले का है फिर भी महानिदेशालय को अवगत कराया गया है।

## गलत गृह कर मूल्यांकन भेजे जा रहे कमर्शियल हाउस टैक्स बिल की शिकायत को लेकर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी से मिले व्यापारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, जूते वाली गली'' का प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को लालबाग नगर निगम कार्यालय में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह से मिला तथा उनसे जूते वाली गली अमीनाबाद के व्यापारियों को गलत मूल्यांकन के गृह कर बिल भेजें जाने की शिकायत की। जूते वाली गली के कोषाध्यक्ष मयंक टंडन, उपाध्यक्ष मोहम्मद गयास, सदस्य सौरभ टंडन ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह को बताया जूते वाली गली, अमीनाबाद मात्र 4 मीटर चौड़ी है लेकिन इसका मूल्यांकन 12 मीटर वाली सड़क के रेट से कर के बिल भेजा जा रहा है जो कि अनुचित है व्यापारियों ने लिखित रूप से ज्ञापन देते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को बताया जूते वाली गली का गृह कर का मूल्यांकन 1.75 पैसे से किया जा रहा है जबकि 12मीटर से कम चौड़ी सड़क के अंतर्गत आने के कारण इसका मूल्यांकन 1६ रुपए से होना चाहिए जो कि नगर निगम की नियमावली में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है आसपास की अन्य गलियों का मूल्यांकन एक रुपए से ही हो रहा है व्यापारियों ने कहा गलत



मूल्यांकन के बिल के कारण पिछले लंबे समय से व्यापारियों एवं नागरिकों को 75 पैसे की चपत लग रही है तथा क्षेत्रफल के हिसाब से सभी का नुकसान हो रहा है व्यापारियों ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी से समस्या का समाधान किए जाने तथा सिस्टम में सही रेट की फीडिंग किए जाने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा । मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने व्यापारियों की समस्या का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए।

## शाइस्ता पर एक और बड़ी कार्यवाही : अतीक ने खुद पुलिस को दिया था ये बयान

प्रयागराज ब्यूरो : उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रही 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन अब पुलिस रिकॉर्ड में माफिया घोषित कर दी गई है। छह दिन पहले उसे शरण देने के आरोपी आतिन जफर की गिरफ्तारी संबंधी दस्तावेज में पुलिस ने उसका नाम 'माफिया अपराधी शाइस्ता' दर्ज किया है। उमेश पाल हत्याकांड की साजिश में शामिल शाइस्ता की अब हिस्ट्रीशीट खोलने की भी तैयारी है। शाइस्ता पर कुल छह मुकदमे दर्ज हैं। इनमें फर्जीवाड़े के चार व हत्या की साजिश रचने का मुकदमा भी शामिल है। उमेश पाल हत्याकांड की साजिश में कदम दर कदम वह शामिल रही है और इस बात का खुलासा खुद अतीक अहमद ने अपने बयान में किया था, ऐसा पुलिस का दावा है। पिछले 73 दिनों से वह पुलिस के साथ ही एसटीएफ को भी छका रही है। तलाश में जुटी पुलिस ने उस पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अब उसे रिकॉर्ड में भी माफिया घोषित कर दिया है। अतीक की हत्या के अगले दिन जिस आतिन के घर पर वह अपने शूटर पांच लाख के इनामी साबिर के साथ रुकी, उसकी गिरफ्तारी संबंधी दस्तावेज में ही शाइस्ता को माफिया अपराधी बताया गया है। उधर अब उसकी हिस्ट्रीशीट खोलने की भी तैयारी है। सूत्रों का कहना है कि शाइस्ता का नाम लगातार आपराधिक वारदातों में आ रहा है। रिकॉर्ड के मुताबिक, वह आदतन अपराधी है और फर्जी नाम पते पर शस्त्र लाइसेंस निर्गत कराने, हत्या की साजिश में शामिल होने, अवैध असलहा रखने समेत उस पर कई गंभीर आरोपों में मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में उसकी हिस्ट्रीशीट खोलने के संबंध में जल्द ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। उमेश की हत्या के बाद ठिकाने लगवाए थे असलहे शाइस्ता ने उमेश पाल हत्याकांड के बाद अपने नौकरों के जरिए हत्या में प्रयुक्त असलहे ठिकाने लगवाए। यही नहीं 73 लाख रुपये से भरा बैग भी चकिया स्थित कार्यालय में रखवाया, जिसका खुलासा खुद अतीक के नौकर राकेश उर्फ नाकेश ने किया है। वह उमेश पाल हत्याकांड से पहले भी शूटरों से लगातार संपर्क में थी और अरमान समेत अन्य के साथ उसके वीडियो भी वायरल हुए। वकील खान सौलत से पूछताछ में सनसनीखेज खुलासा वहीं इससे पहले, माफिया के करीबी खान सौलत हनीफ ने पूछताछ में एक और सनसनीखेज खुलासा किया है। अब यह बात सामने आई है कि उमेश की ओर से गालियां देने और शाइस्ता पर कमेंट किए जाने की बात सुनने के बाद बौखलाकर अतीक ने उसकी हत्या की पटकथा लिखी थी। सूत्रों के मुताबिक, सौलत से पूछताछ में पुलिस को बेहद अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। पता चला है कि उमेश अतीक अहमद के बारे में सार्वजनिक रूप से कई बार भला–बुरा कह चुका था। यह बात कई बार अतीक के कानों तक पहुंची भी थी। इस पर उसने अपने गुर्गों के माध्यम से उमेश तक मैसेज भी पहुंचाया था कि वह संभल जाए। कुछ दिनों बाद अतीक को पता चला कि उमेश ने शाइस्ता परवीन के बारे में भी कमेंट किया था। इतना सुनने के बाद वह बौखला गया और इसके बाद ही उसने उमेश पाल हत्याकांड की पटकथा लिखी। साबरमती जेल से अपने भाई बरेली जेल में बंद अशरफ से फेसटाइम एप से बातचीत की और कहा कि उमेश को खत्म करना है। उसने उसे पूरी बात भी बताई। इसके बाद अशरफ ने असद के जरिए गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, साबिर, विजय चौधरी उर्फ उस्मान, अरमान व सदाकत को बरेली जेल बुलाया और साजिश रची। सूत्रों का कहना है कि प्लानिंग के तहत असद को वारदात के दौरान कार से बाहर नहीं निकलना था, लेकिन वह उमेश से खुन्नस रखने लगा था। यही वजह थी कि वारदात के वक्त वह अपना आपा खो बैठा और उसने कार से बाहर उतरकर उमेश पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी।

## पुरानी रंजिश में किसान की लाठी–डंडों से पीटकर हत्या : गांव में तनाव का माहौल

बहराइच ब्यूरो : पुरानी जमीन रंजिश को लेकर गुरुवार सुबह एक किसान पर लाठी–डंडों व कुदाल से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की है। मामला विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र का है। मृतक राम केवल यादव (48) निवासी रनियापुर गोबरही के मजरा अहिरन पुरवा प्रतिदिन की भांति बस स्टॉप पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के बच्चों को लाने ले जाने के लिए मैजिक गाड़ी चलाने के ड्यूटी पर जा रहा था। घर से मात्र 100 मीटर दूर पहुंचा था कि विपक्षियों ने उस पर घात लगाकर कुदाल और लाठी, डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र संदीप यादव ने घटना के संबंध में स्थानीय थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। आरोप है कि मेरे पिता खेती किसानी के साथ बस स्टॉप पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की गाड़ी चलाने का काम करते है। इसी ड्यूटी पर निकले



थे तभी घर से करीब 100 मीटर निकले थे कि रास्ते में गांव के जगतराम यादव उर्फ जग्गी यादव व बुधराम यादव व रमेश ने यह हमला कर हत्या कर दी। इनके खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घटना पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी प्रशांत वर्मा का कहना है आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस जल्द ही उनको गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है।

## बैंक डिफाल्टर घोषित हुआ महाठग शेरपुरिया : 39 करोड़ रुपये लोन लेकर एक रुपया नहीं किया वापस

लखनऊ ब्यूरो : महाठग संजय शेरपुरिया को आईडीबीआई बैंक ने डिफाल्टर घोषित कर दिया है। शेरपुरिया ने कांडला एनर्जी एंड केमिकल लि. कंपनी को संचालित करने के लिए 39.72 करोड़ का बैंक से कर्ज लिया था। रकम लेने के बाद उसने एक रुपये भी वापस नहीं किया। एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक शेरपुरिया ने यह कर्ज 2005 में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (आईडीबीआई) से लिया था। शेरपुरिया की गिरफ्तारी के पांच दिन बाद 30 अप्रैल को डिफाल्टरों की सूची जारी की। जिसमें 73वें स्थान पर संजय बालेश्वर राय का नाम विलफुल डिफाल्टर की लिस्ट में दर्ज है। इस मामले में आईडीबीआई ही कंसोर्टियम बैंक है। एसटीएफ के मुताबिक कर्ज की रकम हासिल करने के बाद शेरपुरिया ने खुद को दिवालिया घोषित कर दिया। जिस



कंपनी के नाम पर यह लोन लिया गया था, उसमें शेरपुरिया और उसकी पत्नी कंचन राय भी बतौर निदेशक शामिल हैं। उसे दिवालिया घोषित करने के बाद बैंक ने कागजी कार्रवाई के बाद उसे डिफाल्टर की सूची में डाला है।

## बीटेक छात्रा ने तीन मंजिला हॉस्टल से लगाई छलांग

लखनऊ ब्यूरो : कस्बे के एक निजी हॉस्टल की तीन मंजिला इमारत से बुधवार दोपहर एक बीटेक छात्रा ने छलांग लगा दी। आननफानन उसे ट्रॉमा में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक, छात्रा करीब चार महीने की गर्भवती है। इसलिए प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की है। लखीमपुर निवासी 19 वर्षीय छात्रा कॉलेज से बीटेक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है और एक निजी हॉस्टल में रहती है। बुधवार को उसके परिजन हॉस्टल पहुंचे। जानकारी के मुताबिक, परिजनों का छात्रा से विवाद हुआ। छात्रा को मारा पीटा। विवाद की वजह थी कि छात्रा करीब चार महीने की गर्भवती है। झगड़े के दौरान छात्रा दौड़कर तीसरी मंजिल की छत पर पहुंची और छलांग लगा दी। परिजन व पुलिस पहले उसको लेकर पास के अस्पताल गए फिर ट्रॉमा में भर्ती कराया। एक बार पकड़ लिया, दूसरी बार छात्रा चली गई। छात्रा का एक दोस्त मुरादाबाद का रहने वाला है। बुधवार दोपहर को वह भी वहां मौजूद था। पुलिस ने उससे पूछताछ की। उसने बताया कि परिजनों ने छात्रा को पीटा था। जब पहली बार छात्रा ने वहां से जाने की कोशिश की थी तो उसको पकड़ लिया गया था। मगर, दूसरी बार में छात्रा चली गई। पुलिस ने इस छात्र से कई घंटे तक पूछताछ की, लेकिन उसकी किसी तरह की भूमिका सामने नहीं आई। इसलिए खुदकुशी का किया प्रयास परिजन को छात्रा के गर्भवती होने की जानकारी हो गई थी। इसलिए वह गुस्से में हॉस्टल पहुंचे थे। पिटाई करने की भी यही वजह थी। वहीं वह तत्काल पढ़ाई व हॉस्टल छुड़वाने की बात कही थी। इसलिए छात्रा ने खुदकुशी का प्रयास किया।

## जंसा थाने का दरोगा एक लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार : मुकदमे का है मामला

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के जंसा थाने की कस्बा चौकी में तैनात दरोगा अभिषेक वर्मा को गुरुवार को एंटी करप्शन की टीम ने एक लाख रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी दरोगा को पकड़ कर रोहनिया थाने ले जाया गया है। वहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर अदालत में पेश किया जाएगा। प्रकरण के अनुसार, बेरुका गांव निवासी सैफ ने चार नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने सहित अन्य आरोपों में जंसा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस प्रकरण के एक आरोपी अमजद का नाम मुकदमे से निकालने के लिए उससे विवेचक अभिषेक वर्मा ने एक लाख रुपये की मांग की थी। आरोप है कि दरोगा 10 हजार रुपये अमजद से ले भी चुका था। बाकी रुपये



देने में अमजद ने असमर्थता जताई तो दरोगा ने उस पर दबाव बनाया। इसे लेकर अमजद ने दरोगा की शिकायत एंटी करप्शन की टीम से की। एंटी करप्शन की टीम ने केमिकल लगे हुए नोट अमजद को देकर दरोगा को दीनदासपुर गांव में बुलाने के लिए कहा। अमजद ने जैसे ही नोटों की गड्डी दरोगा अभिषेक वर्मा को थमाई, वैसे ही एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने उसे दबोच लिया।

## मदरसों में प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए राज्य सरकार से नहीं मिलेगी मदद : व्यवस्थाएं प्रबंधन के जिम्मे

लखनऊ ब्यूरो : कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर प्रदेश के मदरसों में प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालित करने के लिए राज्य सरकार से मदद नहीं मिलेगी। इन कक्षाओं के लिए शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर तमाम व्यवस्थाएं मदरसा प्रबंधन को खुद करनी होगी। गौरतलब है कि उप्र मदरसा शिक्षा परिषद ने बीते साल जुलाई में मदरसों में नर्सरी, केजी, एलकेजी की तर्ज पर छोटे–छोटे बच्चों को शिक्षा देने का निर्णय लिया था ताकि खेल–खेल में बच्चों को ककहरा सिखाया जा सके। वर्तमान में परिषद से मान्यताप्राप्त मदरसों में बच्चों को कक्षा एक से प्रवेश दिया जाता है लेकिन प्री प्राइमरी कक्षाएं के शुरू होने से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को भी मदरसों में प्रवेश दिया जा सकेगा। अब परिषद ने स्पष्ट कर दिया है कि अपना संसाधन–अपना सिलेबस की तर्ज पर मदरसों को प्री–प्राइमरी कक्षाएं संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। इसके तहत मान्यताप्राप्त अनुदानित, गैर अनुदानित मदरसों को प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालित करने के लिए अनुमति इस प्रतिबंध के साथ दी जाएगी कि मदरसों के प्रबंधक, प्रबंध तंत्र अपने स्तर से सभी प्रकार के खर्च उठाएंगे। शिक्षकों की व्यवस्था भी खुद ही करेंगे। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने इस संबंध में सभी जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेज दिया है।

## शादी समारोह से लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार मां और मासूम बेटे की मौत : तीन घायल

सोनभद्र ब्यूरो : वाराणसी–शक्तिनगर राजमार्ग पर सुकृत चौकी क्षेत्र के बट गांव के पास गलत साइड से आ रहे हाइवा ने सवारियों से भरे ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार महिला और उसके मासूम बेटे की मौत हो गई। वहीं चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। अहरौरा (मिर्जापुर) के बगहिया गांव निवासी विवेक (34), अपनी पत्नी पूनम(30), माता रमपतिया (70) एवं नौ माह के पुत्र अरुण के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के कम्हारडीह अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में आया था। कार्यक्रम समापन के बाद गुरुवार सुबह अहरौरा जाने के लिए एक परिचित ऑटो जयप्रकाश गुप्ता (44) निवासी मगर दीवाना चकिया चंदौली को फोन कर बुलवाया। मौके पर ही महिला की मौत सभी ऑटो में सवार हो कर अहरौरा के लिए निकले। मधुपुर फ्लाई ओवर पार कर आगे बढ़े। आगे चल रहे ट्रक की रफ्तार अचानक कम हुई तो ऑटो चालक ने डिवाइडर साइड में खाली देख ऑटो को मोड़ा। तभी उल्टी दिशा से तीव्र गति से आ रही हाइवा ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही पूनम की



मौत हो गई। घायल विवेक अपने नौ माह के बच्चे को ले कर माता और चालक के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुर आया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सुकृत चौकी प्रभारी सुरेश कुमार त्रिवेदी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हाइवा को अपने कब्जे में ले लिया जबकि चालक फरार हो गया था। इदर, हादसे की सूचना से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है। अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## चीनी मांझे से एमबीए की छात्रा जख्मी

लखनऊ ब्यूरो : चीनी मांझे पर रोक नहीं लगाई जा रही है, लोगों के लिए ये जानलेवा होता जा रहा है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कुछ इन शब्दों में चौपटिया निवासी शुभी अवस्थी ने खुद के साथ हुई घटना की सूचना अमर उजाला को दी। एमबीए स्टूडेंट शुभी ने बताया कि वे मंगलवार को घर लौट रही थीं। स्कूटी पर थी, हेलमेट पहन रखा था। लाजपतनगर से जैसे ही गुजरीं, कोई चीज चेहरे को छूती हुई निकल गई। यह फायर स्टेशन के पास की घटना है। वहीं पर पुलिसकर्मी भी खड़े थे, पर मेरी मदद नहीं की। मांझे से मेरी नाक और आंख के पास चोट आई है। डॉक्टर ने बताया कि आंख एकदम बच गई, वरना आंख भी पूरी तरह जख्मी हो सकती थी। मैं काफी डर गई हूं। चीनी मांझे को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए।

## सतगुरू बाबा हरदेव सिंह जी महाराज को समर्पित समर्पण दिवस



NIRANKARI BABA HARDEV SINGH JI

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सतगुरू बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में 'समर्पण दिवस' दिनांक 13 मई, दिन शनिवार को सांय 5 से रात्रि 9 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इसी क्रम में मड़ियाहू पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व जनपद के सभी निरंकारी सत्संग भवनो पर सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस के अवसर पर विशाल सत्संग का आयोजन किया जाएगा जिसमे सैकड़ो निरंकारी परिवार सम्मिलित होकर सतगुरु बाबा हरदेव जी के प्रति अपना श्राद्धा सुमन अर्पित करगें। यह जानकारी स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने देते हुए आगे बताया की बाबा हरदेव सिंह जी महाराज प्रेम, करूणा, दया और सादगी के जीवंत स्वरूप थे। उनका दिव्य रूप, सर्वप्रिय स्वभाव एवं विशाल अलौकिक सोच सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याणार्थ समर्पित थी। उन्होंने मिशन की बागडौर 36 वर्षो तक सम्भाली और उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मिशन 17 देशों से चलकर विश्व के प्रत्येक महाद्वीप के 60 राष्ट्रों तक पहुंचा जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज सेवाओं का आयोजन प्रमुख रहा। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति के साथ–साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में भी मान्यता प्राप्त हुई। बाबा जी ने मानव मात्र को केवल ब्रह्मज्ञान का ही बोध नहीं करवाया अपितु जन–जन के हृदय में प्रेम की शीतल, निर्मल धारा को भी प्रवाहित किया। साथ ही निरंकारी इंटरनेशनल समागम (एन. आई. एस. ) द्वारा दूर देशों में एकत्व एवं सद्भाव की प्रेरणा देने वाले संदेश को आध्यात्मिकता के माध्यम से भी प्रसारित किया। बाबा जी ने समाज के उत्थान हेतु अनेक परियोजनाओं को भी क्रियान्वित स्वरूप दिया जिनमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण इत्यादि गतिविधियां प्रमुख है। 'नफरत की दीवारों को गिराकर प्रेम के पुलों का निर्माण करें' इस तथ्य को विश्व के समक्ष जीवन्त रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने एक नया दृष्टिकोण रखा कि प्रत्येक रेखा जो दो राज्यों या देशों को विभाजित करती है, वास्तव में वह उन राज्यों और देशों को मिलाने वाली रेखा होती है। बाबा जी की अनगिनत सिखलाईयां जैसे 'मानवता ही धर्म है', "आपसी भाईचारा" (यूनिवर्सल ब्रदरहुड) "विश्वबंधुत्व", "मिलवर्तन", "एकत्व में सद्भाव", "दीवार रहित संसार", "धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं" इत्यादि सुंदर भावों को समूचे संसार में विस्तारित किया। वर्तमान में सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के सत्य संदेश के सुंदर स्वप्न को साकार करते हुए उसे जन–जन तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं जिनसे प्रत्येक निरंकारी भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहा है।

## 21 मई 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री–ट्रायल बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी. /सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशांत कुमार ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में दिनांक 21 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर की अध्यक्षता एवं श्री प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ. टी.सी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन में आज दिनांक 10.05.2023 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 11:00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर श्री भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा




कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता श्री हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## बेटे ने पिता के साथ मिलकर मां को घर से निकाला : रोते–रोते पुलिस में लगाई गुहार सुनाई आपबीती

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी से एक मां को घर से निकालने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इसमें पिता ने भी बेटे का साथ दिया है। बड़ागांव थाना क्षेत्र के पुआरी कला गांव निवासनी मनोरमा देवी ने अपर पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर अपने बेटे और पति के ऊपर मारने पिटने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी पुआरीकला निवासी शिवशंकर के साथ हुई है। शादी के बाद से ही पति द्वारा लगातार प्रताड़ना दी जा रही थी। मैं अपने पिता तथा परिवार की गरीबी को देखते हुए सबकुछ बर्दाश्त करती रही। इसी बीच एक पुत्री तथा एक पुत्र पैदा हुए तो मैं अपने पुत्र और पुत्री के सहारे अपना जीवन व्यतीत करने लगी। बीते साल इक्कीस मार्च को मेरे पुत्री की शादी हो गयी। पुत्री के शादी के बाद मेरे पति शिवशंकर ने मेरे पुत्र हिमांशु के साथ मिलकर मुझे मारा–पीटा। मैंने मारपीट का विरोध किया तो बीते बारह मार्च को शिवशंकर व हिमांशु ने मिलकर




मुझे फिर पीटा। जब इस बात की जानकारी मेरी बेटी अलका को हुई तो मैं उसके साथ स्थानीय थाने पर जाकर उनके खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। जिससे नाराज होकर हमारे बेटे व पति ने मिलकर मुझे घर से निकाल दिया। अपर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## डायट प्राचार्य ने प्राथमिक विद्यालय मीरपुर का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मीरपुर का डायट प्राचार्य डॉ राकेश सिंह ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षा एक तथा कक्षा तीन के छात्रों से उन्होंने सवाल जवाब भी किये। सवालों का उचित जवाब देने पर कक्षा तीन के छात्र कृष को पुरस्कृत भी किया। तत्पश्चात रसोई में जाकर डायट प्राचार्य ने मिड डे मिल के भोजन को गुणवत्ता को जानने के लिए खुद भोजन को चखा। इस दौरान उन्होंने भोजन बनाते समय साफ सफाई का विशेष ध्यान देने तथा रसोई में छिपकली न नजर आए इसका ध्यान देने की बात भी कही। डायट प्राचार्य ने विद्यालय में उपस्थित छात्रों की संख्या, छात्र उपस्थिति, डीबीटी कार्य को मानक के अनुरूप पाए जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह की तारीफ भी किया। तथा विद्यालय में ऐसे ही शैक्षणिक वातावरण हमेशा बनाये रखने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कक्षा चार के छात्रों को योग भी करवाया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों से विद्यालय को अतिशीघ्र निपुण बनाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह, अंजना सिंह, कुसुम मौर्या, ममता आदि मौजूद रहे।

## मांगलिक कार्यक्रम में काम करने गए युवक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के कोरवलिया गांव में हो रहे मांगलिक कार्यों में काम करने गया युवक देर रात सोते समय मौत हो गई। साथ में साथियों का कहना है कि करेंट लगने से मौत हुई है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मामला संदिग्ध समझकर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत के शिवान जनपद के पचरुखी थाना क्षेत्र के मटू छपरा गांव निवासी दिपांशू तिवारी (23)पुत्र स्व विश्वामित्र तिवारी नगर के खुटहन रोड पर कछरा रोड स्थित सुरिस गांव में किराए के मकान में रहकर खुटहन रोड स्थित लोहे के दुकान पर नौकरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।बुधवार की शाम दिपांशू क्षेत्र के सेण्ट धामस रोड स्थित कोरवलिया गांव में लालता चौहान के यहां हो रहे मांगलिक कार्यक्रम में काम करने गया था। देर रात लालता चौहान के घर काम करने के बाद सोते समय लोगो का कहना है कि सोते समय कार्यक्रम में लगे पंखे में उतर रहे करेंट की चपेट में आने से मौके कर मौत हो गई। बगल के चारपाई पर सोये साथी ने जगाने का प्रयास किया तो करेंट का झटका लगने से वह घबडा गया। और पंखे को बंदकर युवक को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक के साथियों ने घटना की सूचना पुलिस के साथ परिवार के लोगों को दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मौत की सूचना मिलने के चार घंटे बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा–पढ़ी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। घटना को संदिग्ध समझकर पुलिस ने मृतक के दो साथियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच में जुटी। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया की करेंट से एक युवक की मौत की सूचना मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथमदृश्या करेंट से मौत बताया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## वेस्ली इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र पर दो पक्षों में झड़प : पुलिस ने भांजी लाठियां

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में शहर कोतवाली क्षेत्र के वेस्ली इंटर कॉलेज में बने मतदान केंद्र पर निकाय चुनाव के मतदान को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। भीड़ को तितर–बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भी भाजी। साथ ही कई लोगों को हिरासत में लिया। नगर पालिका आजमगढ़ में चुनाव को लेकर मतदान के दौरान कई जगह गुत्थम गुत्था की स्थिति रही। वहीं आजमगढ़ शहर के मुख्य चौक के समीप स्थित वेस्ली इंटर कॉलेज पर बने मतदान केंद्र पर वोट डालने को लेकर विवाद हो गया। सभासद पद के दो प्रत्याशी समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों पक्ष से भारी संख्या में समर्थक जुट गए और एक दूसरे से मारपीट पर आमदा हो गये। मतदान केंद्र पर तैनात पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को अलग करने का प्रयास करने लगी



लेकिन जब मामला बढ़ता गया तो पुलिस की तरफ से जमकर लाठी भाजी गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में हड़कंप सरीखा स्थिति रही। बवाल कर रहे युवकों को दौड़ा–दौड़ा कर पुलिस ने पीटा। आपसी मारपीट में कई युवक घायल भी हुए। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई।

## भैंस के घसीटने से छात्रा की मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अपनी कमर में रस्सी बांधकर भैंस चराने गई एक छात्रा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रास्ते में बाइक सवार ने हार्न बजा दिया। जिससे चौंक कर भैंस उछल गई और रस्सी में बंधी छात्रा को दूर तक घसीट ले गई। इस हादसे में जख्मी हुई छात्रा को सीएचसी ले जाया जा रहा था,तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। बेनीगंज कोतवाली के बसंतपुर निवासी सुशील की 13 वर्षीय पुत्री मौसम प्राथमिक विद्यालय इकरी में कक्षा 5 की छात्रा है। गुरुवार को दोपहर में वह भैस चराकर घर वापस लौट रही थी। इस बीच सड़क पर पीछे से आ रही बाइक का हार्न बज गया,जिसे सुन कर भैंस उछल पड़ी और भागने लगी। नतीजतन रस्सी में फंसी छात्रा उसके साथ घसिटने लगी। भैंस उसे 100 मीटर तक घसीट ले गई। जिससे छात्रा मौसम बुरी तरह जख्मी हो गई। इसका पता होते ही उसके घर वाले दौड़ पड़े। जख्मी छात्रा को आनन–फानन में एम्बुलेंस–108 से सीएचसी कोथावा ले जाया जा रहा था। उसी बीच उसकी मौत हो गई।

## रिटायर्ड आईएएस के इंजीनियर बेटे ने खुद को गोली से उड़ाया : पिछले साल फ्रांस से वापस लौटा था

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में विकासनगर सेक्टर तीन में बुधवार सुबह एक रिटायर्ड आईएएस अफसर के इंजीनियर बेटे ने लाइसेंस रिवाल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली की चलने की आवाज सुनकर जब परिजन बाथरूम में पहुंचे तो वहां पर खून से लथपथ शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में पारिवारिक तनाव की वजह से खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है। बाकी जांच पूरी होने के बाद सभी तथ्य स्पष्ट होंगे। रिटायर्ड आईएएस प्रेम नारायण द्विवेदी विकासनगर सेक्टर तीन में रहते हैं। उनका इकलौता बेटा पीयूष द्विवेदी(41) फ्रांस में परिवार के साथ रहता था। कोरोना काल से वह यहीं रह रहा था जबकि उसकी पत्नी व बेटियां फ्रांस में रहती हैं। पीयूष की मां गिरजादेवी का निधन हो चुका है। बुधवार सुबह करीब पांच बजे प्रेम नारायण मॉर्निंग वॉक पर चले गए। घर पर पीयूष, उनकी दादी रमाकांती व चचेरा भाई हिमांशु था। अचानक से गोली चलने की आवाज आई। हिमांशु व रमाकांती पीयूष के कमरे में पहुंची। कमरे से अटैच बाथरूम में पीयूष का खून से सना शव पड़ा मिला। कनपीट पर गोली लगी थी। डीसीपी नॉर्थ एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि प्रकरण की तफ्तीश की जा रही है। तहरीर मिलने पर आरोपों के आधार पर कार्रवाई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि गोली कनपीट से रिवाल्वर सटाकर मारी



गई। गोली दायीं कनपटी पर मारी जो बायीं तरफ फंस गई। पोस्टमार्टम के दौरान गोली रिकवर हुई। हाथ में मिली रिवाल्वर जिस रिवाल्वर से पीयूष ने खुद को गोली मारी, वह उसका लाइसेंस उसके पिता के नाम पर है। पुलिस के मुताबिक पीयूष के दाहिने हाथ में रिवाल्वर मिली। उसको फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। फिंगर प्रिंट भी लिए गए हैं। जांच में पुष्टि हो जाएगी कि रिवाल्वर पर पीयूष के फिंगर प्रिंट हैं। वहीं बैलियस्टिक जांच भी कराई जाएगी, जिस रिवाल्वर से गोली चलने की पुष्टि होगी। इसीलिए रिवाल्वर कब्जे में ली गई है। पुलिस का कहना है कि घटना में अब तक की जांच में कोई संदिग्ध पहलू सामने नहीं आया है। इस वजह से खुदकुशी करने की आशंका पीयूष लंबे समय से पत्नी स्वाती व दो बेटियों के साथ फ्रांस में रहते थे। वह एक निजी कंपनी में इंजीनियर थे। स्वाती भी एक कंपनी में कार्यरत हैं। कोरोना के दौरान पीयूष लखनऊ आ गए थे। तब से वह वापस नहीं गए। विकासनगर इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजनों से मामले में बातचीत कर जानकारी जुटाई गई है। आशंका है कि पारिवारिक कलह की वजह से पीयूष ने ये कदम उठाया। बाकी जांच जारी है। चूंकि कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, लिहाजा वजह एकदम से साफ नहीं हो सकी। पुलिस ने पीयूष का मोबाइल भी कब्जे में लिया है। जिससे खुदकुशी करने की वजह का खुलासा हो सकता है।

## दो बाइकों के आमने–सामने जोरदार टक्कर में एक की दर्दनाक मौत दूसरा गंभीर : परिजनों में कोहराम

वाराणसी ब्यूरो : चोलापुर क्षेत्र के गोसायीपुर बाजार में गुरुवार प्रात दो बाइकों की आमने–सामने हुई टक्कर में एक बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के भोहर ग्राम निवासी आशीष कुमार गौड़ (32 वर्ष) पुत्र आत्माराम पलंबर मिस्त्री का कार्य करता था। गुरुवार सुबह अपनी स्प्लेंडर बाइक से गोसाईपुर ग्राम स्थित अपने प्लंबर साइड पर किए जाने वाले कार्य को देखने के लिए जा रहा था। गोसाईपुर ग्राम जाने के लिए वह सड़क के विपरीत दिशा से जा रहा था ।इस दौरान आजमगढ़ से वाराणसी की तरफ जा रहे विपरीत दिशा से अज्ञात पल्सर सवार छात्र से आमने सामने टक्कर हो गयी। टक्कर के दौरान आशीष हेलमेट नहीं लगाया था जिससे उसके सर में गंभीर चोट आई है और उसकी मौके पर मौत हो गई और दूसरा पल्सर सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र हेलमेट लगा रखा था तब भी सर फट गया था आसपास के लोगों एवं



पुलिस की मदद से आशीष को वाराणसी स्थित पंडित दीनदयाल राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना से मृतक आशीष की पत्नी गुड़िया माता गीता समेत परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक परिवार में एकलौता पुत्र था तथा उसकी तीन पुत्रियां हैं। वही दूसरे घायल पल्सर सवार को आनन–फानन में स्थानीय लोगों ने चिकित्सालय भिजवाया हालांकि हेलमेट लगाने की वजह से पल्सर सवार की जान बच गई।

## मनबढ़ों युवकों ने बरातियों को बीच सड़क पीटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना अंतर्गत द्वारचार के दौरान हुई तू–तू.. मैं–मैं से नाराज मनबढ़ लोगों ने गुरुवार सुबह विदाई के बाद बारातियों को रोककर बीच सड़क पिटाई करते हुए सोने की चेन, अंगूठी तथा दस हजार रूपए भी छीन लिए। घटना में गंभीर रूप से घायल दो बारातियों का निजी चिकित्सालय शाहगंज में इलाज हुआ। पीड़ितों ने पांच आरोपियों के खिलाफ थाने में नामजद प्रार्थना पत्र दिया है। दोस्तपुर थाना (जनपद सुल्तानपुर) क्षेत्र के लोकनाथपुर(बालचंदपट्टी) गांव निवासी अमित कुमार की शादी खुटहन थाना क्षेत्र के धिरौली गांव निवासी शिवानी पुत्री ठाकुरदीन बिंद से तय थी। बुधवार को बारात और द्वारचार के दौरान कथित तौर पर डीजे पर डांस को लेकर गांव के कुछ मनबढ़ों से बरातियों की कहासुनी हो गई। किंतु कुछ सभ्रांत लोगों द्वारा बीच–बचाव किये जाने के बाद मामला किसी तरह शान्त हुआ और द्वारचार तथा शादी की रस्म पूरी हुई। आरोप है कि सुबह विदाई के बाद जब बारात वापस लौट रही थी तो रात वाली घटना से नाराज मनबढ़ सरपतहां थाना क्षेत्र के सरायमोहिउद्दीनपुर चौकी अंतर्गत जंगीपुर गांव के पास बारात से वापस आ रहे बरातियों को रोककर उनकी पिटाई करने लगे। घटना के पीड़ित सचिन व संदीप का जहां राजकीय पुरुष चिकित्सालय, शाहगंज में उपचार चल रहा है। विपिन कुमार व राजकुमार निषाद निवासीगण लोकनाथपुर (बालचंद पट्टी, थाना दोस्तपुर, सुल्तानपुर तथा दूल्हे के ममेरे भाई अरुण बिंद निवासी अब्बोपुर थाना–खेतासराय का आरोप है कि पिटाई के दौरान उनकी सोने की चेन, अंगूठी सहित दस हजार नकदी भी छीन ली गई। मामले के सम्बंध में थानाध्यक्ष सरपतहां लक्ष्मण विक्रम सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है उक्त मामले की जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## अयोध्या एस०एस०पी० मुनिराज जी ने लिया मतदान स्थलों का जायजा : सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या में निकाय चुनाव के दूसरे चरण का मतदान चल रहा है ।सुबह से ही सभी मतदाता इस उमस भरी गर्मी में अपने घरों से निकलकर वोट डाल रहे हैं। इस दौरान मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतदान को देखते हुए एसएसपी मुनिराज जी ने सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर रहे है। मतदान में खलल डालने वाले अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई होंगी। वही एसएसपी मुनिराज ने बताया कि जनपद में शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है ।इस चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अयोध्या पुलिस प्रतिबद्ध है ।और लगातार पुलिस फोर्स भ्रमणशील कर खुराफाती लोगों पर कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने खलल डाला ।तो उन सभी पर सख्त कार्रवाई होंगी ।संवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस



इलाकों में पुलिस व क्यूआरटी टीम मौजूद है, जनपद में पीएसी पैरामिलिट्री फोर्स सिविल पुलिस तैनात की गईं। अयोध्या जनपद में शांतिपूर्ण मतदान रहा।

## स्पाइस जेट की वाराणसी से दिल्ली और मुंबई की दो फ्लाइटें बंद : गो फर्स्ट के तीन विमान पहले से रद्द

वाराणसी ब्यूरो : लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली और मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली स्पाइस जेट की दो फ्लाइटें बंद कर दी गई हैं। अब दिल्ली की एक फ्लाइट ही चल रही है। इससे यात्रियों की मुश्किल बढ़नी तय है। यात्रियों को आगे फ्लाइटों का कम विकल्प मिलेगा। फ्लैक्सी रेट के हिसाब से ज्यादा किराया देना पड़ सकता है। ऐसे में दिल्ली व मुंबई का सफर महंगा हो जाएगा। गो–फर्स्ट की तीन उड़ानें पहले ही रद्द हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक, स्पाइस जेट ने मार्च में जारी समर शेड्यूल में तीन फ्लाइटों के उड़ान का ब्योरा दिया था। इनमें दो फ्लाइटें दिल्ली और एक की मुंबई की थी। अब मुंबई और दिल्ली की एक–एक फ्लाइट बंद कर दी गई है। दिल्ली की जो फ्लाइट बंद हुई, वह 72 सीटर थी। मुंबई की फ्लाइट 142 यात्रियों को लेकर जा और आ रही थी। जो फ्लाइटें बंद हुई हैं, वह पूरी यात्री क्षमता के साथ आ–जा रही थीं। बताया जा रहा है कि डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने पुराने इंजन के साथ फ्लाइटों के उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी है। इस कारण विमानन कंपनी ने फ्लाइटों को बंद करने का फैसला कर लिया। वाराणसी एयरपोर्ट से अब 48 उड़ान पांच मई तक वाराणसी एयरपोर्ट से 54 से 56 उड़ान थीं, लेकिन अब 48 फ्लाइटों का ही आवागमन हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, पहले रोजाना आठ से नौ हजार यात्रियों का आवागमन होता था। अब यह संख्या छह से सात हजार यात्रियों की रह गई है। गो फर्स्ट की उड़ानें 19 मई तक रद्द गो फर्स्ट की उड़ानें अब 19 मई तक रद्द कर दी



गई हैं। इससे यात्रियों की मुश्किल बढ़ गई है। जिन यात्रियों ने पहले टिकट बुक करा लिया था, उन्हें अब दूसरी विमानन कंपनी का टिकट लेना पड़ रहा है। ऐसे में टिकट महंगे मिल रहे हैं। गो फर्स्ट की वाराणसी एयरपोर्ट से अहमदाबाद, मुंबई और बंगलूरू की उड़ानें थीं। इसी विमानन कंपनी से वाराणसी सहित पूर्वांचल के 16 जिलों के हज यात्रियों को काबा जाना था। 21 मई से उड़ान का विकल्प दिया गया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सकेगा। उड़ाने लगातार रद्द की जा रही हैं। मौसम की खराबी से काठमांडू का विमान वाराणसी डायवर्ट काठमांडू में खराब मौसम की वजह से बुधवार को दिल्ली से काठमांडू जा रहे विमान को वाराणसी एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। मौसम ठीक होने के बाद विमान ने काठमांडू के लिए उड़ान भरा है। जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया का विमान दिल्ली एयरपोर्ट से 175 यात्रियों को लेकर काठमांडू के लिए दोपहर 1 बजे बजे निकला। दोपहर 2:15 बजे काठमांडू एयरपोर्ट के हवाई क्षेत्र में पहुंचा। लेकिन, मौसम ठीक नहीं था। इस कारण विमान को उतारने की अनुमति नहीं मिल सकी। विमान काफी देर तक हवा में चक्कर लगाता रहा, फिर पायलट ने एटीसी को फ्यूल कम होने की सूचना दी। इसके बाद एटीसी ने विमान को वाराणसी एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया। यह विमान अपराह्न 4:15 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरा। एक घंटे बाद 5:17 बजे विमान ने काठमांडू के लिए उड़ान भरा है।

## बाइक को रौंदते हुए पेड़ से टकराई जायलो : चार की मौत पांच गंभीर : पेड़ की टहनी में जा फंसी शिक्षिका

बहराइच ब्यूरो : बहराइच–लखनऊ राजमार्ग पर बृहस्पतिवार की दोपहर एक तेज रफ्तार जाइलो कार बाइक सवारों को रौंदते हुए पेड़ से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार शिक्षिका–शिक्षक और जाइलो सवार पिता–पुत्र की मौके पर मौत हो गयी। वहीं हादसे में जाइलो सवार पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसमें से तीन की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें चिकित्सकों ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। बाराबंकी जिले के सिद्धौर कोठी निवासी शिक्षिका क्षमारानी (30) की तैनाती जरवल ब्लॉक के बिराहिमडीह में है। बृहस्पतिवार की दोपहर शिक्षिका हुजूरपुर प्रथम में तैनात बाराबंकी के कोटवा इनायत निवासी शिक्षक रोहित कुमार वर्मा (31) के साथ घर वापस जा रही थी। इसी दौरान बहराइच–लखनऊ राजमार्ग पर जरवलरोड थाना क्षेत्र के चुरईपुरवा के पास इनकी बाइक में सामने से आ रही तेज रफ्तार जाइलो कार ने टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था, कि बाइक और बाइक पर सवार शिक्षक–शिक्षिका लगभग तीस फीट तक उछल गए। वहीं जाइलो बाइक को रौंदते हुए पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार शिक्षिका क्षमारानी, शिक्षक रोहित कुमार वर्मा, जाइलो में सवार कैसरगंज कोतवाली के ग्राम पंचायत गोडडिया नंबर एक के मजरा शीतलपुरवा निवासी पवन (45) व इनका बेटा आदित्य (5) की मौके पर ही मौत हो गयी। वही जाइलो में सवार कैसरगंज के जगनपुरवा निवासी रोहित(10), बौंडी थाने के बेहटा चूड़ामणि निवासी ननकेश गोडिया(26), कैसरगंज के जगन्नाथ महतोपुरवा निवासी प्रदीप (25), कैसरगंज के गोडहिया नंबर एक निवासी ज्ञानी (19) और हरदी थाना क्षेत्र के हरचंदा निवासी कोयली गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएची मुस्तफाबाद पहुंचाया। जहां कोयली, प्रदीप और ज्ञानी की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया है। टक्कर इतनी जोरदार की पेड़ की टहनी पर जा टंगी शिक्षिका प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय जायलो की रफ्तार बहुत तेज थी और गति तेज होने के चलते ही जाइलो अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। ग्रामीणों के मुताबिक टक्कर



इतनी जोरदार थी कि बाइक के पीछे बैठी शिक्षिका क्षमारानी लगभग 30 फीट तक उछल गयी और बगल में लगे पेड़ की टहनी पर जाकर फंस गयी। शिक्षिका का वजन न सह पाने के चलते टहनी टूट गयी, जिसके बाद शिक्षिका नीचे गिरी। वहीं हादसे में दोनो वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे की जानकारी होने पर सीओ कैसरगंज कमलेश सिंह, एसडीएम महेश कुमार कैथल घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बारात से लौट रहे थे जाइलो सवार कैसरगंज कोतवाली के गोडहिया नंबर एक के मजरा शीतलपुरवा निवासी अमरेश का विवाह गोंडा के परसपुर से तय हुआ था। जिसकी बारात बुधवार को शीतलपुरवा से परसपुर गई थी। जहां से बृहस्पतिवार को बारात में गए लोग जाइलो में सवार होकर वापस आ रहे थे और इसी दौरान बहराइच–लखनऊ हाइवे पर हादसा हुआ। हादसे में गंभीर रुप से घायल ज्ञानी ने बताया कि उन्हें बस टक्कर की गूंज सुनाई दी और उसके बाद जब होश आया तो वह अस्पताल में थे। मुख्यमंत्री ने जताया दुख, बेहतर इलाज का निर्देश बहराइच में हुए भीषण सड़क हादसे की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख प्रकट किया है। सीएम ऑफिस के ट्वीटर हैंडल से ट्वीट जारी कर मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना जाहिर की है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों का बेहतर इलाज करवाने के लिए निर्देशित किया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे की जानकारी होने पर मौके का निरीक्षण किया है। साथ ही अस्पताल जाकर घायलों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। हादसे में चार लोगों की मौत और पांच लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। – प्रशांत वर्मा, एसपी

## हवाई हमले से महफूज रहेगा रामलला का मंदिर : अतिविशिष्ट सिक्योरिटी प्लान तैयार

अयोध्या ब्यूरो : श्रीराम जन्मभूमि का अतिविशिष्ट सिक्योरिटी प्लान तैयार किया गया है। इसमें रामलला के मंदिर को हवाई हमले से बचाने के उपाय शामिल हैं। शासन ने सिक्योरिटी प्लान को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। मालूम हो कि गर्भगृह तैयार होने के बाद प्राण प्रतिष्ठा होते ही रामलला के दर्शन के लिए देश–विदेश से श्रद्धालुओं की भीड़ यहां पहुंचेंगी। तब तक यहां की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की तैयारी है। इसे लेकर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ श्रीराम जन्मभूमि का सिक्योरिटी प्लान तैयार किया था। इसे शासन को भेजा गया था जिसे मंजूरी दे दी गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, श्री राम जन्मभूमि की सुरक्षा को लेकर दो बिंदुओं पर खास फोकस है। पहला सरयू नदी की ओर से सुरक्षा क्योंकि मंदिर सरयू के काफी करीब है। वहीं दूसरा बिंदु है हवाई सुरक्षा। इसके लिए आधुनिकतम उपकरण लगाए जाएंगे। सूत्र बताते हैं कि मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नितीश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी मुनिराज जी सहित अन्य अफसरों के साथ लगभग पौने दो घंटे मंदिर की सुरक्षा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर बात की। इसमें शासन के प्रमुख अफसर भी शामिल थे। सबसे पहले सुरक्षा संबंधी अति आवश्यक



उपकरणों को लगाने पर चर्चा हुई। प्रथम फेज में होने वाले कार्यों को चिंह्नित किया गया। धन आवंटन के बाद इनको स्थापित और संचालित करने के लिए अंतिम रूप दिया गया। जनवरी तक सुरक्षा प्लान को लागू कराने की तैयारी है। इसके बाद अन्य उपकरणों के साथ दूसरे काम होंगे। हालांकि सुरक्षा कारणों से सिक्योरिटी प्लान का खुलासा नहीं किया जा रहा है। जनवरी तक लागू कर दिया जाएगा मंडलायुक्त गौरव दयाल का कहना है कि श्रीराम जन्मभूमि की हवाई सुरक्षा के साथ–साथ पूरे मंदिर परिसर की सुरक्षा का प्लान तैयार कर शासन को भेजा गया था। शासन से इसको सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। सुरक्षा प्लान पर चर्चा नहीं की जा सकती। जल्द ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। जनवरी तक इसे लागू कर दिया जाएगा।

## घर के बाहर सो रही 10 साल की बच्ची से युवक ने किया दुष्कर्म : परिजनों को रो–रोकर सुनाई आपबीती

चंदौली ब्यूरो : चंदौली जिले के एक गांव में बुधवार की रात घर के बाहर सो रही 10 वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी मिर्जापुर निवासी युवक पड़ोस में ही एक रिश्तेदारी में आया हुआ था। किशोरी के परिजनों ने उसे पकड़ भी लिया लेकिन वह हाथ छुड़ाकर भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कार्रवाई में जुटी है। अलीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की देर रात एक व्यक्ति के यहां बरात आई थी। गांव के लोग बरात देखने गए थे। इसी दौरान एक परिवार के लोग भी घर के बाहर चारपाई पर सो रही 10 वर्षीय बच्ची को छोड़कर बरात देखने चले गए। घर की कुछ महिलाएं छत पर सो रही थीं। अलीनगर थानाध्यक्ष शेषधर पांडेय ने बताया कि परिजनों के अनुसार इसी दौरान पड़ोस में रिश्तेदारी में आए कछवां मिर्जापुर निवासी शत्रुघ्न बिंद (28) ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान छत पर सो रहे बच्ची की भाई ने यह देख लिया। उसने परिवार के लोगों को इस बारे



में बताया। परिजनों ने मौके पर आरोपी युवक को दबोच लिया। हालांकि वह हाथ छुड़ाकार भागने में सफल हो गया। सुबह किशोरी के परिजनों ने अलीनगर थाने में नामजद तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी विनय सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसपर विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं बच्ची का मेडिकल भी कराया जा रहा है।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन के चतुर्मुखी उद्देश्य की पूर्ति आयुर्वेद से ही संभव –डॉ जी एस तोमर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बाबू युगराज सिंह आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ में "स्ट्रैन्थ ऑफ आयुर्वेद एण्ड इट्स रोल इन ग्लोबल हैल्थ सिनेरियो" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन विश्व आयुर्वेद मिशन के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के महामहिम राज्यपाल नामित सदस्य प्रो (डॉ) जी एस तोमर ने किया । कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वन्तरि वन्दना से हुआ । तदुपरांत महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह सेंगर ने अतिथियों का स्वागत किया । मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में डॉ तोमर ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिदृश्य में आयुर्वेद लोकप्रियता के शिखर की ओर अग्रसर है । यही एक ऐसी विधा है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रीवेन्सन, प्रमोशन, क्योर एवं रिहेबिलीटेसन जैसे चतुर्मुखी उद्देश्य की पूर्ति करने में सक्षम है । कोरोना कालखण्ड में इसकी लोकप्रियता भारत की चारदीवारी से निकल कर वैश्विक क्षितिज पर स्थापित हुई है । आयुर्वेद मात्र एक चिकित्सा विधा ही नहीं अपितु एक सम्पूर्ण जीवन दर्शन है । सस्ती, सुलभ, दुष्प्रभावों से मुक्त एवं गुणवत्ता पूर्ण औषधियों के साथ साथ इसमें वर्णित आदर्श जीवनशैली ने आयुर्वेद को वैश्विक चिकित्सा जगत के आकर्षण का केंद्र बना दिया है । डाबर जैसी फार्मेसी उत्तम एवं गुणवत्ता पूर्ण औषधियों का निर्माण कर रहीं हैं । उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए । इन दवाओं की प्रभावकारिता एवं उपयोगिता के कारण ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रेडिशनल मेडिसिन सम्बन्धी अपना शोध केन्द्र गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर में स्थापित किया है । यह विधा विकृत जीवनशैली जन्य रोगों के लिए जहाँ संजीवनी है वहीं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए इसमें वर्णित उपाय दिव्य कवच की तरह सिद्ध हो रहे हैं । आयुर्वेद की मान्यता है कि इन संक्रामक रोगों का कारण रोगोत्पादक जीवाणु या विषाणु मात्र ही नहीं है । इसमें सबसे महत्वपूर्ण कारक व्याधिक्षमत्व या इम्युनिटी है । यदि हमारी इम्युनिटी प्रशस्त होती है तो कोई भी वायरस या बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करने के बाद भी पनप नहीं सकता । परिणामस्वरूप रोगोत्पत्ति संभव ही



नहीं है । अतः आयुर्वेद इन रोगों से बचाव के लिए व्याधिक्षमत्व वर्धक या इम्युनो मोड्युलेटर औषधियों के प्रयोग पर प्रारम्भ से ही बल देता है । जिसे कोरोना कालखण्ड में सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है । गिलोय, अश्वगंधा, तुलसी, हल्दी, मुलैठी, सोंठ, दालचीनी आदि की गुणकारिता आज सर्व स्वीकार्य है । वैश्विक स्वीकार्यता के लिए हमें आयुर्वेदीय औषधियों की गुणवत्ता को आधुनिक वैज्ञानिक मापदंडों पर प्रमाणित करना होगा । एविडेन्स बेस्ड मेडिसिन आज की प्रथम आवश्यकता है । इसी के दृष्टिगत आज पब्लिक डोमेन में चालीस हजार से अधिक शोधपत्र उपलब्ध हैं, जो आयुर्वेद औषधियों की गुणवत्ता को प्रमाणित करते हैं । वर्तमान परिदृश्य में यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि यदि आयुर्वेद को सम्यक् राज्याश्रय मिलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब आयुर्वेद भारत को विश्व गुरू का दर्जा प्रदान कराने में सफल होगा । आयुर्वेद का यह अमृत काल है । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री के भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के प्रति प्रेम के कारण ही आज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस का आयोजन प्रति वर्ष 21 जून को हो रहा है । आशा ही नहीं बरन पूर्ण विश्वास है कि यदि इसी प्रकार प्रतिबद्ध होकर हम कार्य करते रहे तो आने वाले वर्षों में धन्वन्तरि जयन्ती को हम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के स्थान पर विश्व आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाएँगे । इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस एन पाण्डेय एवं प्राचार्य डॉ अमित चौधरी, डॉ अमित मिश्रा, डॉ पूनम अष्ठाना, डॉ राजमोहन मिश्रा ने भी अपने विचार रखे । कार्यक्रम में लगभग 100 शिक्षक, चिकित्सक एवं चिकित्सा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया । उद्घाटन सत्र के अंत में डॉ अमित मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा राष्ट्र गान के साथ उद्घाटन सत्र का समापन किया।

## वाराणसी में तीखी धूप गर्म हवा बनी आफत : तापमान में जारी बढ़ोतरी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में बुधवार को सुबह पछुआ हवाओं के चलने के बाद अब हवा का रुख भी बदल गया है। इसका असर यह रहा कि गुरुवार को सुबह से ही पुरवा हवा चलने लगी। इस वजह से धूप भी कुछ ज्यादा ही तीखी लगने लगी। गर्म हवा ऐसी चल रही थी कि बाहर निकलने वालो को भी परेशानी झेलनी पड़ी। रास्ते पर साइकल,बाइक से जाने वालो को भी बचाव के लिए गमछा से मुंह ढककर चलना पड़ा। मौसम में बदलाव का असर रहा की अधिकतम तापमान भी बढ़कर 41.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो मनोज श्रीवास्तव के अनुसार आने वाले दिन में लू चलने के आसार हैं। तापमान में भी बढ़ोतरी होगी।

## दस करोड़ से संवरेगा दर्शनगर 300 बेड का अस्पताल

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। दर्शनगर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध 300 बेड का अस्पताल आने वाले दिनों में चमकता नजर आएगा। इस भवन की मरम्मत से लेकर सड़क निर्माण आदि के लिए करीब 9.87 करोड़ रुपये की मांग शासन को भेज दी गई है, जिसका इस्टीमेट उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (पैक्सफेड) ने तैयार किया है। मेडिकल कॉलेज बनने से पूर्व इस भवन में मंडलीय अस्पताल का संचालन होता था। इस भवन की स्थिति इस समय बेहद खराब है। खिड़कियों से लेकर दरवाजों तक, सीवर सिस्टम और शौचालय खराब स्थिति में हैं। ऐसे में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने शासन को पत्र भेजा था। शासन ने पैक्सफेड को यह निर्माण कार्य कराने के लिए इस्टीमेट तैयार करने का जिम्मा सौंपा था। सोमवार को कार्यदायी संस्था पैक्सफेड के इंजीनियरों ने प्राचार्य को 9.87 करोड़ रुपये का इस्टीमेट सौंपा। हालांकि पहले यह कार्य राजकीय निर्माण निगम को दिया जाना था, किंतु जिस तरह निगम ने दो सौ बेड के अस्पताल के निर्माण में गड़बड़ी की है। उससे नाराज शासन ने यह काम पैक्सफेड को सौंप दिया था ।इसका परीक्षण कराने के बाद प्राचार्य ने इसे शासन को स्वीकृति के लिए भेज दिया है। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि पूरे भवन की मरम्मत, सिविल वर्क, प्लंबिंग वर्क, आंतरिक इलेक्ट्रीफिकेशन, सीसी रोड, सीसी इंटरलॉकिंग, नाला निर्माण, मिट्टी की पटाई, सेप्टिक टैंक की सफाई व मरम्मत, वाटर टैंक आदि कार्य इस बजट से किए जाने का इस्टीमेट भेजा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही शासन से बजट का आवंटन हो जाएगा। उसके बाद इस भवन की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।

### नगर निकाय चुनाव के मतदान को लेकर भाजपा मेयर प्रत्याशी गिरीश पति त्रिपाठी का बयान

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या भाजपा के मेयर प्रत्याशी महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने मताधिकार का प्रयोग किया ।वोट के बाद उन्होंने कहा कि अयोध्या में बहुत सुंदर माहौल दिखाई पड़ रहा है, भाजपा के पक्ष में कमल खिलाने के लिए जनता प्यार और उत्साह के




साथ मतदान कर रही है, सपा द्वारा व्यापारियों के मुद्दे को उठाने के मामले पर बोले भाजपा प्रत्याशी, कहा समाजवादियों को भगवान सद्बुद्धि दे, अपने आसन्न हार को देखते हुए इस तरह का प्रलाप कर रहे, हार रहे हैं तो कुछ न कुछ तो कहने का बहाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह चौड़ीकरण किसके लिए हो रहा है, अयोध्या के लोगों के लिए ही हो रहा है, कुछ ही महीनों की बात है, अयोध्या में शानदार चमचमाती सड़क होगी, सबसे ज्यादा फायदा अयोध्या वालों का ही होगा, अयोध्या के लोग समझदार हैं यह जान रहे हैं कि लोग उनको बरगला रहे हैं, अयोध्या अपनी अंतरराष्ट्रीय भूमिका के लिए आगे बढ़ चुकी है, अयोध्या विश्व की आध्यात्मिक राजधानी एवं सांस्कृतिक केंद्र के तौर पर विकसित हो उसमें आपका वोट पहला कदम सिद्ध होगा, जनता बढ़–चढ़कर मतदान करें, अयोध्या की जो सांस्कृतिक गरिमा है उसको विकसित होने दें और पूरे विश्व में अयोध्या एक बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रहा है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।